Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

## ➢ झुंझुनू (बुहाना) में पटवारी को 8,000/- रूपये रिश्वत लेते किया रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 30 जून, सोमवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी झुंझुनूं ईकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी सुरेन्द्र सिंह पटवारी पटवार हल्का बडबर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं को 8,000/- रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एवं धर्मपाल सिंह पटवारी पटवार हल्का गादली, तहसील बुहाना को परिवादी से पूर्व में रिश्वत मांग सत्यापन के समय परिवादी से 7,000/- रूपये रिश्वत की मांग कर प्राप्त करना एवं 8000/- रूपये सुरेन्द्र सिंह पटवारी को देने के लिए कहने की पुष्टि होने पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव (कार्यवाहक महानिदेशक, एसीबी)** ने बताया कि एसीबी चौकी झुंझुनूं को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी ने पैतृक जमीन का सीमा ज्ञान करवाने के लिये तहसीलदार बुहाना को ऑनलाईन प्रार्थना पत्र भिजवाया था। हल्का पटवारी धर्मपाल सिंह, पटवार हल्का गादली ने नाम सीमा ज्ञान करने की एवज में 18,000/- रूपये रिश्वत की मांग की तथा परिवादी से 7,000/- रूपये रिश्वत के रूप में ले लिये। रिश्वत मांग सत्यापन वार्ता दिनांक 18.06.2025 को आरोपी धर्मपाल सिंह पटवारी ने परिवादी से 7,000/- रूपये लेना स्वीकार किया तथा शेष रिश्वत राशि अपने साथी सुरेन्द्र सिंह पटवारी को देने के लिए कहा। दिनांक 25.06.2025 को परिवादी आरोपी सुरेन्द्र सिंह पटवारी से मिला तो आरोपी सुरेन्द्र पटवारी ने परिवादी से 8,000/- रूपये रिश्वत की मांग की गई। रिश्वत मांग के अनुसरण में आज ट्रैप कार्यवाही का आयोजन कर परिवादी से आरोपी सुरेन्द्र सिंह पटवारी को आज 8,000/- रूपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथ पकड़ा गया। परिवादी से रिश्वत लेन देन के समय आरोपी सुरेन्द्र पटवारी व आरोपी धर्मपाल पटवारी दोनो सुरेन्द्र सिंह पटवारी के प्राईवेट कार्यालय में बैठे थे जहां से दोनो आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया। आज दिनांक 30.06.2025 को कार्यवाही के दौरान सुरेन्द्र सिंह पटवारी पटवार हल्का बड़बर से रिश्वत राशि 8,000/- रूपये बरामदगी की गई।

जिस पर एसीबी जयपुर रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस-चतुर्थ श्री अनिल कयाल** के सुपरविजन में एसीबी चौकी झुंझुनूं के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री इस्माईल खान** के नेतृत्व में **पुलिस निरीक्षक श्री सुरेश चन्द** द्वारा मय टीम के कार्यवाही करते हुए आरोपीगण धर्मपाल सिंह पटवारी पटवार हल्का गादली व सुरेन्द्र सिंह, पटवारी पटवार हल्का बड़बर तहसील बुहाना को 8,000/- रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। ए.सी.बी. द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।